**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी उनियारा जिला टोंक**
**(श्री कैलाश चन्द गुर्जर आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी उनियारा द्वारा अध्यासित)**

दावा संख्या – 35/2016
निर्णय दिनांक– 27.12.2018

**उनवान**

1.भंवरलाल पुत्र श्योदान जाति गुर्जर निवासी सरदारपुरा हाल निवासी बृजनगर देवपुरा पटवार हल्का नयागांव तहसील उनियारा जिला टोंक राज0
2.रामलाल पुत्र श्योदान जाति गुर्जर निवासी सरदारपुरा हाल निवासी बृजनगर देवपुरा पटवार हल्का नयागांव तहसील उनियारा जिला टोंक राज0
3.कन्हैयालाल पुत्र श्योदान जाति गुर्जर निवासी सरदारपुरा हाल निवासी बृजनगर देवपुरा पटवार हल्का नयागांव तहसील उनियारा जिला टोंक राज0

–वादीगण

**बनाम**

1. राजस्थान सरकार जरिये जिला कलेक्टर टोंक राज0
2. तहसीलदार उनियारा जिला टोंक राज0

–प्रतिवादीगण

**दावा बाबत उदघोषणा,दुरूस्ती इन्द्राजात**

उपस्थित– 1. श्री राजकुमार मीना वकील वादीगण
2. पेरोकार सरकार तहसीलदार उनियारा

## निर्णय

वादीगण द्वारा प्रस्तुत वाद के तथ्य संक्षिप्त मे निम्न प्रकार है:–

यह है कि आराजी ख0न0 21, 22, 27, 44, 48, 49, 50, 51, 52, 53, 56, 59, 60. 71, 72, 74, 75, 76, 94, 95, 95/219, 96, 98, 99, 106/220, 120, 121, 128, 129, 142, 146, 147, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 160, 161, 162, 163, 164, 165, 167, 168, 169, 170, 171, 172, 173, 174, 175, 176, 177, 178, 179, 180, 181, 182, 183, 185, 186, 191, 192/221, 194, 198, 199, 201, 202, 203, 204, 205, 206, 207, 209, 210, 212, 213, 214, 215, 216, 217, 241/54, 243/55 कुल किता 86 कुल रकबा 45.19 हैक्टर वाके ग्राम बृजनगर देवपुरा पटवार हल्का नयागांव भू अभिलेख निरीक्षक बनेठा तहसील उनियारा जिला टोंक राज0 मे स्थित है। उक्त वर्णित आराजीयात सामलात देह समस्त काश्तकारान के नाम जमाबन्दी मे दर्ज है। उक्त सामलात देह समस्त काश्तकारान मे वादीगण भी शामिल है। उपरोक्त वर्णित आराजीयात मे से वादीगण आराजी खसरा 94 नम्बर रकबा 0.10, खसरा नम्बर 95 रकबा 0.82, खसरा नम्बर 96 रकबा 0.60, खसरा नम्बर 153 रकबा 2.71, खसरा नम्बर 154 रकबा 2.10, खसरा नम्बर 155 रकबा 1.32, खसरा नम्बर 156 रकबा 0.55, खसरा नम्बर 157 रकबा 0.57, खसरा नम्बर 159 रकबा 1.89, खसरा नम्बर 163 रकबा 1.66 कुल किता 10 कुल रकबा 12.32 है0 वाके ग्राम बृजनगर देवपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक राजस्थान पर काबिज काश्त होने तथा शामलाती देह समस्त काश्तकारान मे शामिल होने के कारण उपरोक्त आराजीयात की अलग से खातेदारी प्राप्त करने के अधिकारी है। वाद पत्र का कारण 5 दिन पूर्व उत्पन्न हुआ, जब वादीगण द्वारा नायब तहसीलदार बनेठा को एक प्रार्थना पत्र पेश कर उक्त आराजीयात की अलग से खातेदारी

उप खण्ड अधिकारी
उनियारा

Scanned by CamScanner

प्रदान करने हेतु आवेदन पेश किया, उनके द्वारा इन्कार करने व बेदखल किये जाने की धमकी देने के कारण उत्पन्न हुआ जो निरंतर जारी है।

यह है कि वादी की अधियाचना है कि वाद बहक वादीगण विरूद्ध प्रतिवादीगण डिकी किया जावे। वादीगण को वाद पत्र के चरण नम्बर 1 मे उल्लेखित आराजीयात मे से आराजी खसरा 94 नम्बर रकबा 0.10, खसरा नम्बर 95 रकबा 0.82, खसरा नम्बर 96 रकबा 0.60, खसरा नम्बर 153 रकबा 2.71, खसरा नम्बर 154 रकबा 2.10, खसरा नम्बर 155 रकबा 1.32, खसरा नम्बर 156 रकबा 0.55, खसरा नम्बर 157 रकबा 0.57, खसरा नम्बर 159 रकबा 1.89, खसरा नम्बर 163 रकबा 1.66 कुल किता 10 कुल रकबा 12.32 है0 वाके ग्राम बृजनगर देवपुरा तहसील उनियारा जिला टोंक का खातेदार काश्तकार घोषित घोषित किया जावे। उल्लेखित आराजीयात जो शामलाती देह समस्त काश्तकारान के नाम अंकित है, मे से कम करके अलग से जमावंदी मे दर्ज किया जाकर उक्तानुसार राजस्व रेकार्ड को दुरूस्त किया जावे तथा प्रतिवादीगण को सदा सर्वदा के लिये पाबन्द किया जावे कि वे आराजी खसरा 94 नम्बर रकबा 0.10, खसरा नम्बर 95 रकबा 0.82, खसरा नम्बर 96 रकबा 0.60, खसरा नम्बर 153 रकबा 2.71, खसरा नम्बर 154 रकबा 2.10, खसरा नम्बर 155 रकबा 1.32, खसरा नम्बर 156 रकबा 0.55, खसरा नम्बर 157 रकबा 0.57, खसरा नम्बर 159 रकबा 1.89, खसरा नम्बर 163 रकबा 1.66 कुल किता 10 कुल रकबा 12.32 है0 वाके ग्राम बृजनगर देवपुरा तहसील उनियारा से वादीगण को जबरन बेदखल नही करे।

उक्त वाद प्रस्तुत होने पर रिपोर्ट सरिस्ते ली जाकर दावा दर्ज रजिस्टर कर प्रतिवादीगण को जरियें सम्मन तलब किया गया ।

प्रतिवादीगण की ओर से पेरोकार सरकार तहसीलदार उनियारा से रिपोर्ट तलब की गई। तहसीलदार उनियारा ने रिपोर्ट प्रस्तुत कर बताया कि ग्राम बृजनगर देवपुरा के खाता संख्या 27 मे वाद मे वर्णित कुल किता 88 रकबा 45.19 है0 भूमि खाते0 सामलात देह समस्त काश्तकारान हि0 पूर्ण खाते0 के नाम रिकार्ड में दर्ज है। खाता संख्या 27 मे वर्णित कुल किता 86 रकबा 45.19 है0 मे से मोका पर्चा अनुसार ख0न0 94/0.10, 95/0.82, 96/0.60, 153/2.71, 154/2.10, 155/1.32, 156/0.55, 157/0.57, 159/1.89, 163/1.66 किता 10 रकबा 12.32 है0 भंवरलाल रामलाल कन्हैयालाल पि0 श्योदान जाति गुर्जर के कब्जे काश्त मे है। खाता संख्या 27 के शेष किता 76 रकबा 32.87 पर उक्त अलावा समस्त काश्तकारान सामलात देह का कब्जा काश्त बदस्तुर है।

उभय पक्षों की बहस सुनी गई। बहस पर गौर किया गया तथा पत्रावली एवं उस पर उपलब्ध दस्तावेजात का अवलोकन किया गया। नकल जमाबन्दी खाता संख्या 27 वाके ग्राम बृजनगर देवपुरा मे अंकित कुल खसरा नम्बर 86 कुल रकबा 45.19 है0 सामलात देह समस्त काश्तकारान हि. बराबर दर्ज है। मौका रिपोर्ट पटवारी दिनांक 26.5.2003 के अनुसार आराजी ख0न0 94/0.10, 95/0.82, 96/0.60, 153/2.71, 154/2.10, 155/1.32, 156/0.55, 157/0.57, 159/1.89, 163/1.66 किता 10 रकबा 12.32 है0 वाके ग्राम बृजनगर देवपुरा भंवरलाल रामलाल कन्हैयालाल पि0 श्योदान जाति गुर्जर के कब्जे काश्त मे थी। तहसीलदार उनियारा द्वारा प्रेषित रिपोर्ट दिनांक 26.12.2018 कु अनुसार आज भी आराजी ख0न0 94/0.10, 95/0.82, 96/0.60, 153/2.71, 154/2.10, 155/1.32, 156/0.55, 157/0.57, 159/1.89, 163/1.66 किता 10 रकबा 12.32 है0 वाके ग्राम बृजनगर देवपुरा भंवरलाल रामलाल कन्हैयालाल पि0 श्योदान जाति गुर्जर के कब्जे काश्त मे है। सहायक भू प्रबन्ध अधिकारी उनियारा के निर्णय दिनांक 5.9.85 के द्वारा पूर्व मे भी

उप खण्ड अधिकारी
उनियारा

Scanned by CamScanner

शामलाती देह भूमि मे से कब्जे के आधार पर अन्य व्यक्तियों को खातेदारी प्रदान की जाकर शामलाती देह मे से रकबा कम किया गया है। साक्ष्य वादी पी0 डब्लू. 1 कन्हैयालाल, पी0 डब्लू. 2 प्रभूलाल व पी0 डब्लू. 3 रामनिवास के अनुसार उक्त वादग्रस्त आराजीयात मे पूर्व मे उसके पिता श्योदान का कब्जा काश्त था तथा उनकी मृत्यु के बाद उसके वारिसान पुत्र वादीगण भंवरलाल रामलाल कन्हैयालाल पि0 श्योदान जाति गुर्जर का ही कब्जा काश्त लगातार चला आ रहा है।

इस प्रकार रिपोर्ट व रिकार्ड के अनुसार वादग्रस्त शामलाती खाते वाके ग्राम बृजनगर देवपुरा मे से आराजी ख0न0 94/0.10, 95/0.82, 96/0.60, 153/2.71, 154/2.10, 155/1.32, 156/0.55, 157/0.57, 159/1.89, 163/1.66 किता 10 रकबा 12.32 है0 पर वादीगण भंवरलाल रामलाल कन्हैयालाल पि0 श्योदान जाति गुर्जर का काफी लम्बे अरसे से कब्जा काश्त चला आ रहा है। वादीगण शामलाती भूमि मे से अपने हिस्से व कब्जे काश्त की भूमि की खातेदारी प्राप्त करने के वैधानिक अधिकारी है। उपरोक्त विवेचन से न्यायालय वादीगण के वाद को स्वीकार करना उचित समझता है। आराजी ख0न0 94/0.10, 95/0.82, 96/0.60, 153/2.71, 154/2.10, 155/1.32, 156/0.55, 157/0.57, 159/1.89, 163/1.66 किता 10 रकबा 12.32 है0 वाके ग्राम बृजनगर देवपुरा तहसील उनियारा का वादीगण को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। उक्त रकबा शामलाती देह मे से कम किया जावे। तहसीलदार उनियारा को इसी अनुरूप राजस्व रेकार्ड मे इन्द्राज करने के आदेश दिये जाते है। पर्चा डिक्री जारी हो । फरिकेन खर्च अपना अपना वहन करे।

यह निर्णय आज दिनांक 27.12.2018 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

(कैलाश चन्द गुर्जर)
**उपखण्ड अधिकारी उनियारा**
**जिला टोंक (राज0)**

उपखण्ड अधिकारी
उनियारा

Scanned by CamScanner

**न्यायालय उपखण्ड अधिकारी उनियारा जिला टोंक**
**(डिकी मुकदमा इब्तदाई)**

**उनवान**

1.भंवरलाल पुत्र श्योदान जाति गुर्जर निवासी सरदारपुरा हाल निवासी बृजनगर देवपुरा पटवार हल्का नयागांव तहसील उनियारा जिला टोंक राज0
2.रामलाल पुत्र श्योदान जाति गुर्जर निवासी सरदारपुरा हाल निवासी बृजनगर देवपुरा पटवार हल्का नयागांव तहसील उनियारा जिला टोंक राज0
3.कन्हैयालाल पुत्र श्योदान जाति गुर्जर निवासी सरदारपुरा हाल निवासी बृजनगर देवपुरा पटवार हल्का नयागांव तहसील उनियारा जिला टोंक राज0

–वादीगण

**बनाम**

1. राजस्थान सरकार जरिये जिला कलेक्टर टोंक राज0
2. तहसीलदार उनियारा जिला टोंक राज0

–प्रतिवादीगण

**दावा बाबत उदघोषणा,दुरूस्ती इन्द्राजात**

मुकदमा नम्बर :– 35 वर्ष 2016

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू श्री कैलाश चन्द गुर्जर आर0ए0एस0 ब हाजरी श्री राजकुमार मीना वकील वादीगण मिनजानिब मुददइ व तहसीलदार उनियारा मिनजानिब मुद्दायलह पेश होकर हुक्म दिया जाता है कि आराजी ख0न0 94/0.10, 95/0.82, 96/0.60, 153/2.71, 154/2.10, 155/1.32, 156/0.55, 157/0.57, 159/1.89, 163/1.66 किता 10 रकबा 12.32 है0 वाके ग्राम बृजनगर देवपुरा तहसील उनियारा का वादीगण को खातेदार काश्तकार घोषित किया जाता है। उक्त रकबा शामलाती देह मे से कम किया जावे। तहसीलदार उनियारा को इसी अनुरूप राजस्व रेकार्ड मे इन्द्राज करने के आदेश दिये जाते है। फरिकेन खर्च अपना अपना वहन करे।

बसब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 27 माह 12 सन् 2018 को जारी की गई।

उपखण्ड अधिकारी
उनियारा जिला टोंक
उप खण्ड अधिकारी
उनियारा

Scanned by CamScanner